**By Speed Post**

**E-mail : jai.kushish@mca.gov.in** **Telephone : 2338 7939**

**No.5/24/2013-CS**
**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS**

**5th Floor, 'A' Wing, Shastri Bhavan**
**New Delhi – 110 001**
**Dated the 22nd August, 2013**

To

All Ministries and Departments of the Government of India; Chief Secretaries of State Governments; cadre controlling authorities of All India Services and Group 'A' Central Services

Subject: Filling up the post of one Member of the Competition Commission of India – inviting applications for.

------

Sir,

I am directed to say that one post of Member in the Competition Commission of India (CCI) is proposed to be filled by direct recruitment. Applications are hereby invited for filling up of the post.

2. The Competition Act, 2002 provides that the Member of the CCI shall be a person of ability, integrity and standing and who has special knowledge of, and such professional experience of not less than fifteen years in, international trade, economics, business, commerce, law, finance, accountancy, management, industry, public affairs or competition matters, including competition law and policy, which in the opinion of the Central Government, may be useful to the Commission.

3. Keeping in view the role and importance of CCI as a regulator, it is desirable that the applications from the persons with high integrity, eminence and reputation with requisite experience are forwarded for consideration.

4. The terms and conditions of the service of Members of CCI will be regulated by the Competition Commission of India (Salary, allowances and other Terms and Conditions of Service of Chairperson and other Members) Rules, 2003, as amended from time to time. The Member shall hold office for a term of five years and shall not hold office beyond 65 years of age. Every Member shall be paid a consolidated monthly salary of rupees three lakh twelve thousand five hundred only. They shall not be entitled to house and car.

5. Applications in respect of eligible officers in the Central Government or in the State Government, who are interested and can be spared in the event of selection may be forwarded duly verified/ countersigned by the Head of Departments (where applicable) along with the following documents: -

(i) Up-to-date and complete Confidential Report (CR) dossiers in original/ attested photocopies of last 5 years Annual Confidential Reports (ACR) of the candidate.

(ii) Integrity Certificate

(iii) Vigilance Clearance including certification that no disciplinary proceedings or criminal proceedings are either pending or contemplated against the officer concerned.

(iv) List of major/minor penalties, if any, imposed on the candidates during the last ten years/ No penalty certificate.

6. The applications of candidates received without the CR dossiers/ACRs, or which contain incomplete information, or received after the due date will not be entertained.

7. Candidates, who are already in Government Service, in case of their selection, will have to seek retirement from the Government service before joining the post.

8. Applications in the format given in Annexure-I duly completed should reach the undersigned (Shri J. B. Kaushish, Under Secretary, Ministry of Corporate Affairs, 'A' Wing, 5th Floor, Shastri Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi – 110 001) latest by 07th October, 2013.

**Yours faithfully,**

**( J. B. Kaushish)**
**Under Secretary to the Government of India**

Encl. : **As above**

**Annexure 1**

**FORMAT OF APPLICATION FOR THE POST OF ONE MEMBER OF COMPETITION COMMISSION OF INDIA**

Latest passport size photograph

Post applied for: Member

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name (IN BLOCK LETTERS) | |
| 2. | Father's Name | |
| 3. | Date of birth | |
| 4. | Address with telephone numbers –<br>(i) Permanent Address<br>(ii) Present Address | |
| 5. | Nationality<br>(only Indian nationals need to apply) | |
| 6. | Educational Qualifications (self attested copies of Degree/Diploma to be attached) | |
| 7. | Experience – also indicate the field of expertise. | |
| 8. | Present occupation/Profession/Service | |
| 9. | Details of present and previous employment. Post held specially from the first post held to the present post indicating periods (joining and leaving date), nature of activities performed, basic pay excluding allowances drawn etc. separately for each post held (if required enclose a separate sheet). | |
| 10. | Scale of pay/Monthly income/Emoluments | |
| 11. | Period of notice required for joining the post | |

| | | |
|---|---|---|
| 12. | Names and addresses of two referees in responsible positions (Not being relatives) in case of candidates not in Government Service (Testimonials from them to be attached). | |
| 13. | Any other special, qualification or experience or publication to the applicant's credit. | |
| 14. | Foreign assignments/training, if any. | |
| 15. | Special achievements, participation in important committees/working groups etc, if any. | |
| 16. | National/International recognitions received, if any. | |
| 17. | Assignments held/ work experience relevant to the requirements of the Commission. | |
| 18. | Any other information which is considered relevant. | |

It is certified that the information furnished above is correct and that in the event of my selection I shall resign or seek retirement (if already in government service) before my appointment as Member, Competition Commission of India.

**Place:-**

**Date:-**

**(Signature with date)**

Name: ____________________

Address: ____________________

____________________

Tel No: ____________________

Fax No: ____________________

E-Mail: ____________________

**Instructions :**

Note 1. The applicants may attach additional sheet in respect of any information where it is not possible to indicate the same in the relevant column.

Note 2. The person selected will have to be declared medically fit by a Medical Board to be constituted by the Central Government for the purpose, unless he/she has already been declared fit by the equivalent authority.

**Additional requirements for Government employees**

1. Person selected, if already in government service, will have to seek retirement before appointment.

2. Applications of the persons already in Government service should be forwarded through proper channel. The forwarding authorities should also certify that the entries in the application have been verified from the records and found correct, and that no disciplinary/vigilance proceedings are either pending or contemplated against the officer as well as no major/minor penalties imposed on the officer during the last ten years. The forwarding authorities should forward the application with the following documents:-

(i) Up-to-date and complete Confidential Report (CR) dossiers in original/ attested photocopies of last 5 years Annual Confidential Reports (ACR) of the candidate.

(ii) Integrity Certificate

(iii) Vigilance Clearance including certification that no disciplinary proceedings or criminal proceedings are either pending or contemplated against the officer concerned.

(iv) List of major/ minor penalties, if any, imposed on the candidates during the last ten years/ No penalty certificate.

3. The applications of candidates received without the CR dossiers/ACRs, or which contain incomplete information, or received after the due date will not be entertained.

******

**स्पीड पोस्ट द्वारा**

ई-मेल: jai.kushish@mca.gov.in **दूरभाष :23387939**

**संख्या 5/24/2013-सीएस**
**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

5वां तल, 'ए' विंग, शास्त्री भवन,
डा. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली-110001
**दिनांक: 22.08.2013**

सेवा में,

भारत सरकार के सभी मंत्रालय एवं विभाग; राज्य सरकारों के मुख्य सचिव; अखिल भारतीय सेवाओं एवं समूह 'क' केन्द्रीय सेवाओं के संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी।

विषय: भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के एक सदस्य के पद को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) में सदस्य के एक पद को सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने का प्रस्ताव है। एतद्द्वारा इस पद को भरने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

2. प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 प्रावधान करता है कि सीसीआई का सदस्य योग्य, ईमानदार एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति होगा तथा वह प्रतिस्पर्धा कानून एवं नीति सहित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अर्थशास्त्र, व्यवसाय, वाणिज्य, विधि, वित्त, लेखाशास्त्र, प्रबंधन, उद्योग, सार्वजनिक मामले अथवा प्रतिस्पर्धा विषयों जो केन्द्र सरकार की राय में इस आयोग के लिए उपयोगी हो सकते हैं, का विशेष ज्ञान रखता हो और उसे ऐसा व्यवसायिक अनुभव पंद्रह वर्षों से कम का न हो।

3. विनियामक के रूप में सीसीआई की भूमिका एवं महत्व को ध्यान में रखते हुए यह अपेक्षा की जाती है कि अपेक्षित अनुभव सहित उच्च सत्यनिष्ठा, प्रसिद्धि एवं ख्याति वाले व्यक्तियों के आवेदनपत्र विचारार्थ अग्रेषित किए जाएं।

4. सीसीआई के सदस्यों की सेवा के निबंधन एवं शर्तें समय-समय पर संशोधित भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों के वेतन, भत्ते और सेवा के अन्य निबंधन एवं शर्तें) नियम, 2003 के द्वारा विनियमित होंगी। सदस्य पाँच वर्षों की अवधि के लिए पद पर रहेंगे तथा 65 वर्षों की आयु के बाद पद पर नहीं रहेंगे। सदस्य का समेकित वेतन तीन लाख बारह हजार पाच सौ रुपए प्रतिमाह होगा। वे आवास एवं वाहन के हकदार नहीं होंगे।

5. केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के पात्र अधिकारी जो इच्छुक हों और जिन्हें चयन होने की दशा में कार्यमुक्त किया जा सके, से संबंधित आवेदनपत्र निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ विभागाध्यक्ष (जहां लागू हो) द्वारा यथाविधि सत्यापित/प्रति हस्ताक्षरित कर अग्रेषित किए जाएं:

(i) अद्यतन एवं पूर्ण गोपनीय रिपोर्ट (सीआर) डोजियर मूल रूप में/उम्मीदवार के पिछले 5 वर्षों के वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) की अभिप्रमाणित प्रतियां।

(ii) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र।

(iii) इस प्रमाणीकरण के साथ सतर्कता अनापत्ति कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक या अपराधिक कार्यवाही न तो लंबित है और न ही इसका विचार किया जा रहा है।

(iv) मुख्य/गौण दण्डों की सूची, यदि कोई हो, जो उम्मीदवार पर पिछले 10 वर्षों के दौरान आरोपित किए गए हों/गैर-शास्ति प्रमाणपत्र।

6. बिना सीआर डोजियर/एसीआर के प्राप्त आवेदनपत्र अथवा जिसमें अपूर्ण सूचना हो अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त उम्मीदवारों के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

7. उन उम्मीदवारों को जो पहले से ही सरकारी सेवा में हों, चयन की स्थिति में, पदभार संभालने से पहले सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति लेनी होगा।

8. यथाविधि पूर्ण अनुलग्नक-I में दिए फार्मेट में आवेदनपत्र दिनांक 07.10.2013 तक अधोहस्ताक्षरी (श्री जे.बी. कौशिश, अवर सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, 'ए' विंग, 5वां तल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001) के पास पहुँच जाना चाहिए।

**भवदीय,**

जे.बी. कौशिश

**(जे.बी. कौशिश)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

**संलग्नक:** <u>यथोपरि</u>

अनुलग्नक-1

**भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के सदस्य के पद हेतु आवेदन का प्रपत्र**

नवीनतम पासपोर्ट साइज की फोटो

**आवेदित पद : सदस्य**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम (बड़े अक्षरों में) | |
| 2. | पिता का नाम | |
| 3. | जन्म तिथि | |
| 4. | पता दूरभाष संख्या सहित<br>(i) स्थाई पता<br>(ii) वर्तमान पता | |
| 5. | राष्ट्रीयता<br>(सिर्फ भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं) | |
| 6 | शैक्षणिक योग्यता (डिग्री/डिप्लोमा की स्वअभिप्रमाणित प्रतियां संलग्न करें) | |
| 7. | अनुभव – विशेषज्ञता के क्षेत्र का भी उल्लेख करें | |
| 8. | वर्तमान पेशा/व्यवसाय/सेवा | |
| 9. | वर्तमान एवं पूर्व नियोजन का ब्यौरा। धारित पद विशेषकर प्रथम धारित पद से वर्तमान धारित पद जिसमें पदधारण की अवधि (कार्यग्रहण तिथि एवं कार्यभार त्याग की तिथि), किए गए कार्यों की प्रकृति, भत्तों आदि को छोड़कर मूल वेतन का उल्लेख प्रत्येक धारित पद के लिए अलग से करें (यदि आवश्यक हो तो अलग से एक पृष्ठ संलग्न करें)। | |
| 10. | वेतनमान/मासिक आय/परिलब्धि | |
| 11. | पद भार ग्रहण के लिए अपेक्षित नोटिस की अवधि | |
| 12. | सरकारी सेवा में नहीं रहने वाले प्रत्याशियों के मामले में किसी जिम्मेदार पद पर स्थित दो निर्देशियों (संबंधी नहीं होने चाहिए) के नाम एवं पते (उनके द्वारा लिखित प्रमाणपत्र संलग्न करें)। | |

| | | |
|---|---|---|
| 13. | आवेदक के नाम पर कोई विशेष योग्यता या अनुभव या प्रकाशन। | |
| 14. | विदेश में नियुक्ति/प्रशिक्षण, यदि कोई हो | |
| 15. | विशेष उपलब्धियां, महत्वपूर्ण समितियों/कार्यशील ग्रुपों आदि में भागीदारी, यदि कोई हो | |
| 16. | राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पहचान प्राप्ति यदि कोई हो | |
| 17. | आयोग की अपेक्षाओं से संबद्ध नियुक्तियां/कार्य अनुभव | |
| 18. | कोई और सूचना जो प्रासंगिक हो | |

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त सूचना सही है और मेरे चयन होने की दशा में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के सदस्य के रूप में अपनी नियुक्ति से पूर्व मैं वर्तमान रोजगार या व्यवसाय से त्यागपत्र दे दूंगा या सेवानिवृत्ति ले लूंगा (यदि पहले से सरकारी सेवा में हों)।

**स्थान:**
**दिनांक:**

**(तिथि सहित हस्ताक्षर)**

नाम ____________________

पता ____________________

____________________

दूरभाष सं.: ____________

फैक्स सं.: ____________

ई-मेल: ____________

**निर्देश :**

**नोट 1-** आवेदक किसी भी सूचना के लिए, जिसमें संबद्ध कॉलम में उल्लेख करना संभव न हो, अतिरिक्त कागज संलग्न कर सकते हैं।

नोट 2- चयनित व्यक्ति को केन्द्र सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड के द्वारा स्वस्थ घोषित किया जाना होगा, यदि उसे समकक्ष प्राधिकारी द्वारा पहले ही स्वस्थ घोषित नहीं किया गया हो।

**सरकारी सेवकों के लिए अतिरिक्त अपेक्षाएं**

1. चयनित व्यक्तियों को, यदि पहले से ही सरकारी सेवा में हों, नियुक्ति से पूर्व सेवानिवृत्ति लेनी होगी।

2. सरकारी सेवा में रहने वाले आवेदकों का आवेदन उचित माध्यम से अग्रेषित होना चाहिए। अग्रेषण अधिकारियों को यह अभिप्रमाणित करना होगा कि आवेदन में की गई प्रविष्टियां रेकार्ड से सत्यापित की गई हैं एवं सही पाई गई हैं, तथा अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता कार्रवाई लंबित या विचारार्थ नहीं है साथ ही अधिकारी पर पिछले दस वर्षों के दौरान कोई मुख्य/गौण दण्ड आरोपित नहीं किया गया है। अग्रेषण अधिकारी को आवेदन का अग्रेषण निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ करना होगा :-

- (i) अद्यतन एवं पूर्ण गोपनीय रिपोर्ट (सीआर) डोजियर मूल रूप में/उम्मीदवार के पिछले 5 वर्षों के वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) की अभिप्रमाणित प्रतियां।
- (ii) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र।
- (iii) इस प्रमाणीकरण के साथ सतर्कता अनापत्ति कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक या अपराधिक कार्यवाही न तो लंबित है और न ही इसका विचार किया जा रहा है।
- (iv) मुख्य/गौण दण्डों की सूची, यदि कोई हो, जो उम्मीदवार पर पिछले 10 वर्षों के दौरान आरोपित किए गए हों/गैर-शास्ति प्रमाणपत्र।

3. बिना सीआर डोजियर/एसीआर, या अधूरी सूचना वाले या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

*****